**1 May 2020**

**मित्रों**

आज **श्रमिक दिवस** है. आज के हालात में हमारे कई श्रमिक अपने घरों से दूर हैं और बहुत तकलीफ और परेशानी में है. राष्ट्र और समाज के सच्चे निर्माता और मेहनतकश श्रमिकों को हमारा सलाम. आप सबों से अनुरोध है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के अनुरोध को मानते हुए किसी भी श्रमिक/कामगार को नौकरी से ना निकाले और उनकी मदद करें.

आज भी हम रांची **सिख समाज** के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य का जिक्र को जारी रखते हुए सिख समाज के प्रमुख लोगों का आभार व्यक्त करेंगे उनमें - **बी एस आनंद, जेपीएन भसीन, डिंपी चड्ढा, गुरदीप सलूजा, चरणजीत सिंह, तरनवीर साहनी, त्रिलोचन सिंह मक्कड़, मेजर गुरुदयाल सलूजा** आदि हैं जो हमारे रांची क्लब के भी सदस्य हैं.

गुरुद्वारा पिस्का मोड़ में भी गत 27 मार्च से प्रतिदिन 850 लोगों को लंगर द्वारा भोजन दिया जा रहा है. इसमें से कई बार आसपास के जरूरतमंदों के बीच भी भोजन वितरित किया जाता है और प्रशासन के अनुरोध पर यहां के युवा सेवादार बरियातू, मोराबादी में भी जाकर भोजन वितरित कर रहें हैं. अभी तक करीब 25000 लोगों के बीच भोजन वितरित किया जा चुका है. इस कार्य में हरविंदर सिंह लाली, देवेंद्र सिंह, रंजीत सिंह बॉबी, गुरजीत सिंह देवल, हरप्रीत सिंह रॉकी और अन्य सेवादार इस कार्य में निरंतर लगे हुए हैं.
सिख समाज की तीसरी संस्था **गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,** कृष्ण नगर कॉलोनी में विगत 26 मार्च से रोजाना गुरु घर के सेवकों द्वारा स्वयं भोजन तैयार कर पैकेट्स में डालकर शहर के विभिन्न इलाकों के जरूरतमंदों के बीच जाकर वितरित कर रहें है. अभी तक करीब 30000 पैकेट्स का वितरण किया जा चुका है. प्रशासन की हेल्पलाइन के अनुरोध पर वे विद्यानगर, कांके, कटहलगोंडा, खादगढ़ा, चुटिया, सुखदेव नगर, मधुकम आदि स्थानों पर सामाजिक दूरी बनाते हुए पैकेट्स का वितरण कर रहे हैं. इनके इस कार्य में हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, अर्जुनदास मिड्ढा, चरणजीत सिंह मुंजाल, नरेश पपनेजा, मोहन काठपाल, पंकज मिढ़ा के साथ अन्य सेवादार निरंतर लगे हुए हैं.
**आप सभी सिख समाज के बंधुओं को हमारा नमन** 🙏

आज **रांची क्लब** से 275 राशन के पैकेट्स और पुलिस के हमारे जवानों को जूस वितरित किया गया.

**महेश्वरी सभा** के द्वारा कैथलगोंडा में 300 लोगों और बूटी में 200 लोगों के लिए खिचड़ी भेजी गई. साथ साथ 1042 लोगों ने सुबह और शाम का भोजन प्राप्त किया. संध्या के वक्त 200 लोगों को दूध और 200 ब्रेड के पैकेट्स वितरित किए गए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम एवम्
माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**2 May 2020**

**मित्रों**

कल लॉकडाउन 2 समाप्त हो रहा है और लॉकडाउन 3 की भी घोषणा हो चुकी है. और अब हमें जरूरतमंदों की सेवा अगले 14 दिनों तक और करनी है.

आज हम अपने 26वें किरदार के रूप में कृतज्ञता अर्पित करेंगे

" **दिगंबर जैन समाज** "

को. सामाजिक कार्यों के लिए जैन समाज ने पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. आज पूरे देश में 700 के करीब जैन मंदिर, 800 के करीब दिगंबर साधु संत, 50 के करीब स्कूल कॉलेज और 400 से ज्यादा दिगंबर जैन धर्मशाला है.

दिगंबर जैन महासभा की स्थापना उत्तर प्रदेश के मथुरा में सन्1894 को हुई थी. और रांची में भी इनका इतिहास काफी पुराना है. रांची में जब जब पुराने समाजसेवियों का नाम आता है तो उसमें सबसे पहले समाजसेवी व व्यवसाई **स्वर्गीय राय बहादुर हरकचंद जैन** जी का आता है.

जिनके बारे में कहा जाता है कि जो भी उनके पास मदद के लिए जाता था, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटता. जरूरतमंदों को शादी विवाह में वे दिल खोलकर मदद करते थे. आजादी के पहले समाज सेवा के काम से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने उन्हें रायबहादुर के खिताब से सम्मानित किया था और वैसे ही उनके तीन भाई ताराचंद जी ज्ञानचंद जी प्रकाश चंद जी, चाईबासा, डाल्टेनगंज और रांची में समाज सेवा में अग्रणी रहे. इनकी और आज इनके परिवार की भी भूमिका **दिगंबर जैन समाज, रांची** में प्रमुख रही है.

दिगंबर जैन भवन, हरमू रोड में गत 24 मार्च से रांची में फंसे 200 से अधिक लोगों के लिए रहने और खाने-पीने की व्यवस्था प्रशासन के अनुरोध से की जा रही है. इसके साथ प्रतिदिन 600 लोगों को भोजन के पैकेट्स बनाकर प्रशासन के अनुरोध पर उसे वितरित किया जा रहा है. महावीर जयंती के दिन 1000 लोगों के बीच मिठाई नाश्ता और मास्क का भी वितरण किया गया. **जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन** और इसकी महिला शाखा ने प्रशासन को 20000 पैकेट बिस्किट, 2000 साबुन और 2000 तौलिए के साथ 100 सैनिटाइजर की बोतल उपलब्ध कराई.

जैन समाज द्वारा संचालित **भगवान महावीर हॉस्पिटल** द्वारा जिला प्रशासन को 12 लाख के मेडिकल उपकरण दिए गए. समाज के मंत्री कमल जैन ने बताया कि इस कार्य में पूरे समाज के युवा कार्यकर्ता लगे हुए हैं. समाज के श्री उमेद मल जैन, धर्म चंद्र रारा, पूरणमल सेठी, पदम जैन, नरेंद्र जैन, प्रदीप जैन काला, संजय छाबड़ा, संतोष जैन, प्रकाश चंद्र सेठी एवं अन्य का भरपूर सहयोग रहा.

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

आज **रांची क्लब** से 303 राशन के पैकेट्स का वितरण हुआ तथा शहर के विभिन्न भागों में पुलिस कर्मियों के बीच जूस भी वितरित किया गया

आज भी **महेश्वरी सभा** से 500 लोगों को खिचड़ी एवं 984 लोगों को गर्म भोजन दिया गया. साथ ही साथ शाम को 950 लोगों को चाय और 170 लोगों को दूध का वितरण किया गया. .

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम एवम् माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 3 May 2020

मित्रों

**आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है.** लोकतंत्र की मजबूती, जनता को जागरूक करना तथा उनके हितों की रक्षा के लिए हमेशा उनकी आवाज बनना मीडिया की विशेषता है.

आप सभी **मीडिया कर्मियों** को हमारा नमन🙏.

कल जम्मू कश्मीर में सीमा की सुरक्षा के दौरान हमारी सेना के 5 अधिकारी एवं जवान वीरगति को प्राप्त हो गए,

**उन्हें हमारी श्रद्धांजलि🙏.**

डॉक्टर्स, नर्सेज, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मी, सुरक्षाकर्मी, सरकारी एवम् मीडिया कर्मी जैसे कोरोना योद्धाओं के सम्मान में हमारी सेना के तीनों अंगों द्वारा फ्लाई पास्ट, अस्पतालों पर **पुष्प वर्षा** तथा सेना बैंड का प्रदर्शन हुआ जिसके लिए हमारी सेना का अभिनंदन.



आज हम अपने 27वें किरदार के रूप में रांची की सबसे पुरानी धार्मिक संस्थाओं में से एक

**श्री राणी सती मंदिर कमेटी**

के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे.

इस संस्था द्वारा गत 8 अप्रैल से जरूरतमंदों के बीच दोपहर एवम् रात में पका हुआ भोजन वितरण का कार्य आरंभ किया गया. जब सेवा आरंभ की तो 300 गरीब और जरूरतमंद इस सुविधा का लाभ उठा रहे थे जो आज बढ़कर एक हजार के करीब पहुंच गयी है. भोजन में कभी पूड़ी, सब्जी, हलवा तो कभी खीर, पूड़ी, सब्जी तो कभी बुंदिया, भुजिया जैसी खाने की चीजें दी जा रही है. 26 अप्रैल से इन्होंने पीने के लिए काढ़ा भी देना आरंभ किया. श्री राणी सती मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता प्रतिदिन इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं और पंक्तिबध करवा कर सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए इस कार्य को कर रहे हैं.

इस पूरे सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलाने में सर्वश्री ज्ञान प्रकाश जालान, सतीश तुल्सयान, गजानंद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, विष्णु जालान, राजा भालोटिआ, पवन जालान, नीरज बंका, अक्षय हरलालका एवं अन्य कार्यकर्ता का योगदान रहा.

**आप सभी को हमारा नमन**🙏

आज **रांची क्लब** ने आखरी 389 राशन के पैकेट्स बांट कर पिछले 39 दिनों से चल रहे अपने द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य को समाप्त कर दिया है.

**माहेश्वरी सभा** द्वारा आज भी 500 लोगों को खिचड़ी भेजी गई. साथ साथ 1083 लोगों को भोजन दिया गया एवं 990 लोगों को चाय 160 लोगों को दूध एवं 200 ब्रेड वितरित की गई. कल से राशन के पैकेट्स का वितरण भी यही से होगा.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम एवम् माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 4 May 2020

**मित्रों**
आज प्रात: **Hindustan Coca-Cola Beverage Pvt Ltd, Patna के** मैनेजर, पब्लिक अफेयर्स **श्री अजय शर्मा** जी ने मुझे फोन किया और आपदा की इस घड़ी में 1000 केस Thumsup और Sprite भेजी जिसे हम आज से पूरे शहर में सुरक्षा में लगे जवानों के बीच वितरित करेंगे.
**आपका और आपकी कंपनी का आभार**🙏

हम आज अपने 28वें किरदार के रूप में सामाजिक संस्था
**मारवाड़ी युवा मंच**
के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे.
अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हमारे देश की युवाओं की सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक है जिसकी स्थापना 1977 में हुई थी. इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के युवा वर्ग के बीच समाज सेवा एवम् जरूरतमंदों की सेवा करने का भाव जागृत करना और अपने प्रदेश में राजस्थान की संस्कृति के साथ जिस प्रदेश में रहते हैं वहां की संस्कृति को अपनाने की प्रेरणा देना है. आज इस संस्था की देश के हर छोटे-बड़े शहर में शाखाएं हैं और इनके सदस्यों की संख्या 50 हजार के करीब है.

रांची में इसकी 4 शाखाएं हैं जो पूरे वर्ष कुछ न कुछ सामाजिक कार्य करती रहती है. और अभी कोरोनो के खिलाफ इस लड़ाई में इनकी दो शाखाएं जरूरतमंदों के बीच कार्य कर रही है. पहली शाखा **मारवाड़ी युवा मंच,** रांची शाखा ने गरीब एवम् असहाय लोगों के बीच पिछले 10 दिनों से कार्य कर रही है और यह कार्य 17 मई तक जारी रहेगा. अभी झिरी कमड़े के शिवनगर में गरीबों के बीच भोजन वितरण कर रही है. अमृतधरा प्रोजेक्ट के माध्यम से गर्मी को देखते हुए रांची के पुलिस चौकियों में घड़ों का, जूस एवम् बिस्किट का वितरण भी किया गया. साथ-साथ बेजुबान पंछियों को दाना, गौशाला में गौसेवा के साथ उनके आहार का भी इंतजाम किया गया. इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष **मनीष लोधा,** सचिव **अमित चौधरी, अमित शर्मा** और अन्य सदस्यों का योगदान रहा. मंच की दूसरी शाखा **मारवाड़ी युवा मंच, रांची दक्षिण शाखा** भी गत 26 मार्च से लगातार सेवा का कार्य कर रही है. आरंभ में मंच के द्वारा हजारों मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया गया. हिनू चौक के समीप खिचड़ी बनाकर बिरसा चौक, डोरंडा, जगन्नाथपुर की बस्तियों में जाकर वहां के ज़रूरत मंदों के बीच वितरित किया. साथ-साथ रांची क्लब, झारखंड चेंबर, सीसीएल, श्री जैन श्वेतांबर ओसवाल संघ आदि संस्थाओं से मिले 15 हजार के करीब राशन के पैकेट्स को मंच के युवा सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए वितरित किया. इस कार्य में मंच के सदस्य **रोहित शारदा, बलबीर जैन, सुरेश चंद्र बोथरा, संजय सुल्तानिया, ऋषभ रामपुरिया, रवि अग्रवाल** एवं अनेकों सदस्यों का काफी योगदान रहा.
**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

आज **महेश्वरी सभा** से 500 लोगों के लिए दो स्थानों में खिचड़ी और पहली बार 100 राशन के पैकेट प्रशासन को दिए गए एवं 1092 लोगों ने पका हुआ भोजन प्राप्त किया. साथ साथ 160 लोगों को दूध, 970 लोगों को चाय एवं 200 लोगों को ब्रेड बांटी गई. साथ साथ जवानों के बीच शहर के विभिन्न स्थानों में कोल्डड्रिंक बांटे गये.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 5 May 2020





***जो सफर की शुरुआत करते हैं, वे मंजिल भी पा लेते हैं.***
***बस एक बार चलने का हौसला रखना जरूरी है***
***क्योंकि अच्छे इंसानों का तो रास्ते भी इंतजार करते हैं***

**मित्रों**

आज हम ऐसी ही एक संस्था का 29वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे जिन्होंने कुछ दिन पहले ही अपनी संस्था का गठन किया जिसका नाम है

**India Young Foundation**

मुसीबत की इस घड़ी में इस संस्था से जुड़े सदस्यगण शहर के दूरदराज बस्तियों में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच जाकर भोजन और राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं.
इस संगठन से जुड़े ज्यादातर सदस्य 20 से 25 वर्ष की आयु के हैं और कुछ ने तो अभी अपनी पढ़ाई भी पूरी नहीं की है. कुछ सदस्य स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं तो कुछ MBA की.

लॉक डाउन आरंभ होने के बाद से ही संगठन के सदस्य जरूरतमंदों की सहायता में लग गए. संगठन ने रांची और इसके आसपास की 50 से ज्यादा बस्तियों में जाकर, सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अभी तक 70000 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का वितरण कर चुके हैं.
साथ-साथ 5000 के करीब गरीब परिवारों को कच्चा राशन उनके घरों तक पहुंचा चुके हैं. यह संगठन कच्चा राशन में चावल और दाल उपलब्ध करा रही है.
संगठन ने लालपुर चौक के पास पारिजात भवन में एक खिचड़ी केंद्र खोलकर प्रतिदिन हजारों लोगों के बीच खिचड़ी का वितरण कर रही है.
यह संगठन जिला प्रशासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन से भी जुड़ी हुई है.
इस संस्था के अध्यक्ष अमरकांत सिंह के अलावा अंकित छापरड़िया, राजीव थेपरा, आर्यन दूधवाणी, शिखा कुमारी, अनु प्रसाद, प्रतीक मोदी आदि सदस्य सक्रिय रूप से जन सेवा के कार्य में लगे हुए हैं.

**आप सबों को हमारा नमन**🙏

आज **श्री माहेश्वरी सभा** के द्वारा 1260 लोगों को गर्म भोजन खिलाया गया. प्रशासन के अनुरोध पर 2 स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी भेजी गई तथा 283 राशन के पैकेट्स का वितरण हुआ. हर दिन की तरह चाय, दूध और ब्रेड भी बांटे गए. आज हमारे कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जाकर सॉफ्ट ड्रिंक भी बांटे.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 6 May 2020

**मित्रों**

आज लॉक डाउन-3 का तीसरा दिन है. और लॉक डाउन-3 के बचे हुए 11 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है. कृपया घर पर ही रहे.

आज हम हमारे शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था को 30वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे, और वह है

**अग्रवाल सभा, रांची**

रांची में अगर कोई भी सामाजिक कार्यक्रम हो और उसमें अग्रवाल सभा की सहभागिता ना हो तो वह कार्यक्रम पूरा नहीं लगता. अग्रवाल सभा ने झारखंड में समाज के कमजोर वर्ग के लिए **सामूहिक विवाह** जैसे सामाजिक कार्यक्रम को आरंभ किया, और इसकी लोकप्रियता इतनी हो गई कि आसपास के राज्यों से भी लोग इसका लाभ लेने के लिए आने लगे. सभा द्वारा संचालित अग्रसेन भवन का उपयोग समाज के सभी वर्गों के द्वारा शादी विवाह एवम् अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जाता है.

संकट की इस घड़ी में **अग्रवाल सभा** गत 27 मार्च से 14 अप्रैल तक 16000 भोजन के पैकेट्स प्रशासन के सहयोग से वितरित किए. कई बार तो सभा में फोन आने के बाद जरूरतमंदों के बीच दूध, ब्रेड एवम् पानी की बोतल का भी वितरण किया गया.

अग्रवाल सभा ने प्रशासन को **वेंटिलेटर** खरीदने के लिए 2 लाख की राशि उपलब्ध कराई. साथ ही प्रशासन के अनुरोध पर विभिन्न धर्मशाला में फंसे लोगों के बीच कच्चे राशन के साथ गैस सिलेंडर की भी व्यवस्था की.

प्रशासन के ही अनुरोध पर 100 प्लास्टिक बाल्टी, 100 मग एवम् 130 टॉयलेट क्लीनर ब्रश दिए गए.

शरीर के तापमान की जांच के लिए 2 **Blunt Bird Machine** कोतवाली थाना प्रभारी एवं प्रशासन को दिया गया . दूसरे शहरों से आए मजदूरों एवं उनके बच्चों के लिए जूस एवं 400 कार्टून पानी की बोतल उपलब्ध कराई गई .

इस कार्य में सभा के अध्यक्ष **पवन पोद्दार**, मंत्री **कौशल राजगढ़िया,** संयोजक **विनोद कुमार जैन** एवं संस्था के कई सदस्य ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज **श्री महेश्वरी सभा** द्वारा 800 लोगों के बीच भोजन, प्रशासन के निर्देशानुसार 500 लोगों को खिचड़ी, 307 राशन के पैकेट्स का भी वितरण किया. 850 लोगों को चाय एवम् 200 ब्रेड का वितरण किए गया. शहर के विभिन्न स्थानों पर एवम् हटिया रेलवे स्टेशन पर बाहर से आए मजदूरों के बीच सॉफ्ट ड्रिंक का भी वितरण किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**7 May 2020**

**मित्रों**

**आप सबों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई.**
आज हम रांची शहर की एक और सामाजिक संस्था का 31वें
किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे और वह है
**मारवाड़ी ब्राह्मण सभा**

हमारे शहर की सबसे पुरानी सामाजिक संस्थाओं में से एक
मारवाड़ी ब्राह्मण सभा पिछले 70 वर्षों से सामाजिक कार्यक्रमों
जैसे सामूहिक विवाह हो या अन्य कार्यक्रम उसमें वे अपनी
अहम भूमिका निभा रहें है. ब्राह्मण समाज द्वारा निर्मित अपर
बाजार में **ब्राह्मण धरमशाला** भी है।
गत 1 माह में रांची प्रशासन के सहयोग एवम् अनुरोध पर
ब्राह्मण सभा के सदस्यों ने सुखा राशन जरूरतमंदों के
बीच वितरण का
कार्य चालू किया है, जो अभी तक जारी है.
गरीब और जरूरतमंदों के बीच वितरित किए जाने वाले राशन
के पैकेट्स में चूड़ा, गुड़, सत्तू, बिस्किट और एक साबुन दिया
जाता है. अभी तक संस्था के द्वारा हजारों राशन के पैकेट्स
प्रशासन के सहयोग से वितरित किए जा चुके हैं. इसके
अतिरिक्त किसी भी इलाके से सूचना आने पर सभा के
सदस्यगण स्वयं जाकर 20-25 पैकेट्स वितरित करते हैं.
इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष **रवि शर्मा**, मंत्री **ज्ञान चंद्र शर्मा**
के अलावा **किशन शर्मा, नथमल शर्मा, कमल शर्मा,**
**ललित मटोलिया, महेंद्र शर्मा, अशोक पुरोहित** आदि सदस्यों
की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.
**आप सबों को हमारा नमन**🙏

आज **श्री महेशवरी सभा** द्वारा दोपहर में 865 लोगों को
गर्म भोजन खिलाया गया. शाम के भोजन में अत्यधिक भीड़
होने के कारण पुलिस प्रशासन से राय लेकर इस व्यवस्था को
स्थगित कर दिया गया. आज भी प्रशासन की Helpline के
अनुरोध पर 500 लोगों को दो स्थानों पर खिचड़ी एवम् 270
राशन के पैकेट्स भेजे गए. साथ साथ 850 लोगों के बीच चाय
एवम् 180 लोगों के बीच दूध का वितरण जे जे रोड में किया गया.
शहर के विभिन्न जिलों में एवं 2 छात्रावासों में सॉफ्ट ड्रिंक बांटे गए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 8 May 2020

**आज World RED CROSS Day और**
**World THALASSEMIA Day है.**
*Red Cross सोसाइटी द्वारा Thalassemia के मरीजों को*
*निशुल्क खून देने की परंपरा को जारी रखने वाले*
***ब्लड बैंकों का आभार.***

**मित्रों**

आज हम अपने 32वें किरदार के रूप में हमारे प्रदेश के व्यापारियों एवम् उद्योगपतियों की एक मात्र संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे और वह है

**Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industry**

झारखंड के व्यापारी एवं उद्योगों की प्रतिनिधि संस्था FJCCI अपने सदस्यों के हितों का तो ख्याल रखती ही है साथ ही साथ अपने सामाजिक दायित्व को निभाने से कभी पीछे नहीं हटती. वर्तमान समय में देश में आई आपदा में इसके सदस्य हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते हैं. आज के समय FJCCI पूरे राज्य में व्यापारियों से संपर्क कर आवश्यक वस्तुओं की नियमित और सुनिश्चित आपूर्ति हो, सप्लाई चैन बनी रहे, उपभोक्ताओं से लेकर खुदरा एवं थोक व्यापारियों के बीच समन्वय बना रहे, वस्तुओं की कीमत नियंत्रित रहे एवम् साथ-साथ गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो, यह सब कार्य चैंबर कर रहा है. साथ-साथ व्यापारी और फैक्ट्री मालिकों को कोई परेशानी ना हो यह भी देखा जा रहा है. छोटे एवम् खुदरा व्यापारी जो आज समाज के लिए रीढ़ की हड्डी बने हुए हैं उनका सम्मान के साथ व्यापार करने में प्रशासन के साथ बात करके उन्हें भी सहयोग प्रदान कर रही है.

लॉक डाउन के दौरान कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन के पैकेट्स का वितरण भी चैंबर के द्वारा किया जा रहा है और इसमें व्यापारी और उद्यमियों की मदद लगातार मिल रही है. जिला प्रशासन के सहयोग से लापुंग, मरकच्चो, अनगढ़ा, खूंटी, चिरौंदी, बुंडू, तमाड़, खिजरी, सोनहातू जैसे ग्रामीण इलाकों में भी राशन के पैकेट्स वितरित किए गए.

RIMS प्रबंधन को Sanitizer Tannel बना कर दिया गया.
हमारे पुलिसकर्मियों को 1000 फेस मास्क भी वितरित किए गए.
थोक वस्त्र विक्रेता संघ के साथ मिलकर जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी एवं पका भोजन पैक करके वितरित किया गया.
रांची और आसपास की दवा दुकानों पर 1200 हैंड सैनिटाइजर और मास्क उपलब्ध कराया गया, जिसे दवा दुकानदारों ने बहुत ही सस्ते मूल्यों पर जनता को उपलब्ध कराया.
साथ-साथ चैंबर ने दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन Life Savers के सहयोग से किया जिसमें व्यापारी, प्रबुद्धजन, शहर के युवा एवम् अन्य लोगों ने 43 unit खून एकत्रित किए.
इसके साथ साथ FJCCI की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिसमें कोल्हान, कोयलांचल, पलामू, संथाल परगना, दक्षिणी एवं उत्तरी छोटानागपुर एवम् वहां के सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा कार्य किए.
इस कार्य में चेंबर के अध्यक्ष **कुणाल अजमानी** सचिव **धीरज तनेजा** के अलावा **राहुल अग्रवाल, प्रवीण लोहिया** आदि सदस्यों ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई .
**आप सबों को हमारा नमन**🙏

आज **श्री माहेश्वरी सभा** ने 815 लोगों को गरम भोजन करवाया.
आज भी दो स्थानों पर 500 लोगो के लिए खीचड़ी भेजा गया और 260 राशन के पैकेट्स का वितरण किया गया.
आज 900 लोगों को चाय और 252 लोगों को दूध का वितरण हुआ. आज भी शहर के विभिन्न स्थानों पर कोल्ड ड्रिंक्स का वितरण हुआ.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**9 May 2020**

**मारवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर**
**शत् शत् नमन्🙏**

**मित्रों**

आज हम 33वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे वह है

**रामकृष्ण मिशन आश्रम**

**करुणा से कोरोना पर विजय** का नारा देकर आज रामकृष्ण मिशन मानव समुदाय के आध्यात्मिक एवम् सांस्कृतिक विकास
के साथ, आपदा की इस घड़ी में अन्य सामाजिक संगठनों तथा दानदाताओं के साथ मिलकर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में लगी हुई है.
रामकृष्ण मिशन और मठ के पूरे विश्व में 205 केंद्र हैं जिसमें 156 केंद्र सिर्फ भारत में है. रांची में इस संस्था की स्थापना सन्1927 में हुई थी. हमारे शहर में इस संस्था द्वारा कई कार्यक्रम सालों भर चलते हैं जिसमें से एक प्रमुख कार्यक्रम दिव्यायान कृषि विकास केंद्र द्वारा सालों भर किसानों और ग्रामीणों के लिए किए जाते हैं.
संकट के इस दौर में लायंस क्लब 322 A के सिद्धार्थ मजूमदार, राजेश चौधरी, काशी कनोई के साथ पुनीत पौदार एवं अजय अग्रवाल और अन्य दानदाताओं ने अनाज और अन्य सामग्री देकर मिशन को सहयोग दिया है.

आश्रम ने गत 28 मार्च से अपना कार्य एदलहातू से आरंभ किया और अपने सेवकों के माध्यम से अनाज के पैकेट्स बनाकर 2212 परिवारों तक सहयोग पहुंचा चुके हैं। अनाज के पैकेट्स में 10 किलो चावल, 2 किलो दाल, नमक और साबुन दिया जाता है. साथ साथ 3500 मास्क्स का भी वितरण किया गया है. यह सेवा लॉक डाउन-1 से प्रारंभ हुई जो लॉक डाउन-3 तक जारी रहेगी.

इस पूरे अभियान में मिशन के **स्वामी भवेशानंद** (सचिव), **स्वामी तन्महिमानंद** (कार्यक्रम संयोजक), **स्वामी अभयपदानंद** एवं **दिवाकरजी** की प्रमुख भूमिका रही है.

**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा दोपहर में 915 लोगों को गर्म भोजन दिया गया. रोज़ाना की तरह आज भी दो स्थानों में 500 लोगों के लिए खिचड़ी भेजी गई और 257 राशन के पैकेट्स वितरित किए गए. 860 लोगों को चाय और 240 लोगों को दूध दिया गया. **प्रभात खबर** के सहयोग से शहर के 2200 हॉकर्स के बीच कोल्ड ड्रिंक्स का भी वितरण किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**10 May 2020**

MOTHERS DAY पर सभी माताओं को हमारा नमन🙏

**मित्रों**
आज झारखंड वासियों ने **लॉक डाउन के 50 दिन** पूरा कर लिए हैं. प्रथम लॉक डाउन भले 25 मार्च से प्रारंभ हुआ, लेकिन हम 22 मार्च से ही घर पर रहकर माननीय प्रधानमंत्री जी एवम् हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश का पालन कर रहे हैं.

अपने 34वें किरदार के रूप में हम अपनी कृतज्ञता अखिल भारतीय स्तर की शिक्षण संस्थान के प्रति अर्पित करेंगे और वह है
**विद्या भारती**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सम्बद्ध इस संस्था का पूरा नाम **विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान** है. इस संस्था के अखिल भारतीय संवाद कार्यालय के प्रमुख श्री **विजय मारू** ने बताया कि यह शिक्षण संस्थान विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जहां औपचारिक और अनौपचारिक तौर पे 25 हजार के करीब विद्यालय हैं जिसमें 38 लाख के करीब छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करते हैं. हमारे प्रदेश झारखंड में 239 विद्यालय हैं जहां 1 लाख 5 हजार भैया बहन शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. आपदा की इस घड़ी में इस संस्था ने PM CARES Fund में 6 करोड़ 58 लाख रुपए सहयोग के तौर पे दिए हैं. संस्था ने अपने 44 विद्यालयों को कोरनटाइन की सुविधा के लिए सरकार को उपलब्ध कराए हैं. साथ साथ झारखंड सरकार के अनुरोध पर इस संस्था ने अपने स्कूल की 26 बसें प्रवासी मजदूरों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए उपलब्ध करा चुके हैं. इसके अतिरिक्त संस्था ने कई अन्य कार्य किए हैं, जिसमें प्रमुख है

* 7 लाख से ज्यादा भोजन पैकेट का वितरण
* 3 लाख 85 हजार राशन के पैकेट का वितरण
* 4.71 लाख मास्क्स का वितरण
* 53 हजार बोतल सैनिटाइजर का वितरण
* 9400 पशु आहार बांटे गए
* 20 से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाए गए
* 5 लाख 30 हजार जन जागरण के कार्यक्रम किए गए.

इन सभी कार्यों में 2516 विद्यालय, 25500 कार्यकर्ता एवं 8974 सेवा स्थलों की सहभागिता रही.
**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज भी **श्री माहेश्वरी सभा** ने 870 लोगों को पका भोजन, प्रशासन के अनुरोध पर दो स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी एवम् 180 राशन के पैकेट्स वितरित किए. साथ साथ 845 लोगों को चाय और 250 लोगों को दूध वितरित किया गया.

***आज प्रशासन के अनुरोध पर 2 ट्रेनों और राजस्थान से आए बसों में प्रवासी मजदूरों और उनके परिवार के लोगों के लिए 1500 पैकेट बिस्किट के और 2100 बोतल सॉफ्ट ड्रिंक की भी वितरित किए.***

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 11 May 2020

आज हमारे के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए **परमाणु परीक्षण** की 22वीं वर्षगांठ है. आज ही के दिन 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री **श्रद्धेयअटल जी** ने विश्व को बिना जानकारी के पोखरण में परमाणु विस्फोट करके अपने देश को परमाणु शक्ति बनाने वाला राष्ट्र बनाया. श्रद्धेय अटल जी को और समस्त वैज्ञानिकों को **National Technology Day** की बधाई.

**मित्रों**

आज हम 35वें किरदार के रूप में कृतज्ञता अर्पित करेंगे रांची की एक NGO का जो हैं

**Mission Blue Foundation**

यह संस्था में पिछले 5 वर्षों में सरकार एवं कॉरपोरेट्स के साथ मिलकर झारखंड में Tribal Art & Culture एवम् Water Harvesting के क्षेत्र में काफी कार्य किया है. इस संस्था से जुड़े लोग IIM, BIT, Law University के छात्र है या रहे हैं. आपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन की हेल्पलाइन से जुड़कर और **CCL, Suvidha Supermart,** पारिवारिक सदस्य एवं दोस्तों के साथ मिलकर 27 लाख रुपये के करीब एकत्रित करके सूखा राशन और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदी. अभी तक इस संस्था द्वारा 26000 राशन के पैकेट्स, 3400 बेबी फूड पैकेट्स को बरियातू, कांके, पतरातू, नार्थ ऑफिस पाड़ा, प्रेस क्लब एवम् ब्राम्बे आदि स्थानों में वितरित किया हैं

इस संस्था ने 200 से अधिक घरों की आव्यशकता को देखते हुए उन्हें दवा पहुंचाई, अस्पतालों में 2000 PPE Kits के वितरण का लक्ष्य रखा गया जिसमें मेडिका में 40 और आलम नर्सिंग होम में 30 किट्स पहुंचा चुके हैं. यह संस्था प्रवासी मजदूरों को लेकर आने वाली विशेष ट्रेनों के यात्रियों को हटिया रेलवे स्टेशन पर और बसों से आने वालों को पारस हॉस्पिटल के पास भोजन, पानी, बिस्किट, सॉफ्ट ड्रिंक आदि का वितरण जिला प्रशासन के साथ मिलकर कर रही है. इनके इस कार्य में श्री माहेश्वरी सभा का भी सहयोग इनको प्राप्त होता है.

इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष **डॉ पंकज सोनी**, डॉ शादाब हस्सान, आकाश पांडे, प्रशांत चौबे, तेजस्वी शुक्ला, मनजीत सिंह, अभिषेक बनर्जी, अमितेश आनंद, कनिका मल्होत्रा, राजेंद्र सिंह सग्गू , कृशानु आनंद, अभिजीत घोष, प्रदीप सेन, अमन पोद्दार एवं अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही है.

**आप सब को हमारा नमन** 🙏

आज **श्री माहेश्वरी सभा** से 1042 लोगों को गर्म भोजन दिया गया. प्रशासन के साथ मिलकर 500 लोगों के लिए दो स्थानों पर खिचड़ी, 250 राशन के पैकेट्स वितरित किए गए. साथ साथ 855 लोगों को चाय एवं 255 लोगों को दूध भी दिया गया. हर दिन की भांति आज भी सॉफ्ट ड्रिंक जगह-जगह वितरित किए गए. साथ ही पारस हॉस्पिटल में प्रवासी मजदूरों के लिए 200 बड़ी ब्रेड भेजी गयी.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 12 May 2020

आज **International Nurses Day** है.
आपकी सेवाकार्य पर हम सभी भारतीयों को गर्व है.
**मित्रों**
कृतज्ञता की इस कड़ी में आज हम अपनी और आपकी तरफ से दो किरदारों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे. हमारे 36वें किरदार है
**संजय सहाय**

यह किसी संस्था से नहीं जुड़े हैं. पहले यह एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के ब्यूरोचीफ थे, अब हजारीबाग रोड में अपना एक रेस्टोरेंट चलाते हैं. लॉक डाउन-1 के पहले दिन से ही जिला प्रशासन और लालपुर थाना के सहयोग से प्रतिदिन गरीबों और जरूरतमंदों के बीच भोजन के पैकेट्स का वितरण कर रहे हैं. चूँकि इनके पास भोजन बनाने की सुविधा है और मन में सेवा की भावना है इसलिए उन्होंने यह कार्य तुरंत आरंभ किया. संजय जी ने लालपुर, लोअर बाजार और सदर थाना की मदद से 1 महीने तक लगातार 9000 से ज्यादा लोगों को भोजन के पैकेट्स उपलब्ध कराएं. संजय जी आज भी Helpline से ये जुड़े हैं.

हमारे 37वें किरदार हैं
**Animal Welfare Trust**
आज के समय जरूरतमंद इंसानों को तो बहुत सी संस्थाएं मदद कर रही है, पर बेज़ूंवां जानवर/पशुओं की मदद में यह संस्था पिछले 6 वर्षों से उल्लेखनीय एवम् सराहनीय कार्य कर रही है. यह संस्था बेसहारा जानवरों को शहर के विभिन्न इलाकों में खाना खिलाना और चिकित्सीय मदद करती आ रही है. आज DC Hunger Helpline के साथ मिलकर यह संस्था इन बेसहारा जानवरों की भी मदद कर रही है.

लॉक डाउन में जब होटल, रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल बंद है तो इन जानवरों को भोजन की काफी दिक्कत हो रही है. इन्हें कोई सरकारी मदद भी नहीं मिल रही है. आज यह संस्था इनकी सेवा में लगी है. **श्री सजल चक्रवर्ती (Ret. IAS)** के अनुरोध पर **रांची क्लब** ने भी इस संस्था को नगद राशि एवम् चावल से मदद की है. अभी के समय, आप सबों से भी अनुरोध है कि आप के आस पास रह रहे इन बेसहारा जानवरों की मदद करें.
**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज भी **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा 1137 लोगों को दो समय का पका हुए भोजन खिलाया गया. इसके अतिरिक्त दो स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी और 339 राशन के पैकेट्स वितरित किए गए. 889 लोगों को चाय और 253 लोगों को दूध का भी वितरण हुआ. हर दिन की भांति, पूरे शहर में आज भी सॉफ्ट ड्रिंक्स बांटे गए.
कल हटिया स्टेशन पर आने वाली ट्रेन में प्रवासी मजदूरों के लिए 200 पैकेट्स ब्रेड, 300 पैकेट बिस्किट और 1500 बोतल सॉफ्ट ड्रिंक की भेजी गई.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 13 May 2020

**मित्रों**

आज 38वें किरदार के रूप में हम अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे

**आहार केंद्र, कोकर**

प्रशासन के द्वारा मार्च के अंतिम सप्ताह में राम लखन सिंह यादव कॉलेज परिसर में दीदी खिचड़ी योजना की शुरुआत की गई, पर यह दो-तीन दिनों में ही बंद हो गई. लेकिन कोकर के निवासियों ने अपने पार्षद **अर्जुन यादव** और उपमहापौर **संजीव विजयवर्गीय** के साथ मिलकर योजना बनाकर इसे फिर से आरंभ किया. कोकर और उसके आसपास के रहने वाले गरीबों और जरूरतमंदों के बीच प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तथा संध्या 5 बजे से 8 बजे तक भोजन देने की व्यवस्था की गई है और इसकी सूचना जिला प्रशासन को भी दी गई. यह व्यवस्था 4 मई तक जारी रही तथा उसके बाद केवल संध्या में भोजन देने का कार्य किया गया. भोजन में दाल भात एवम् सब्जी तथा कभी-कभी खिचड़ी भी दी जाती रही है जो अभी तक जारी है. यहां से प्रतिदिन 600-700 जरूरतमंद भोजन ग्रहण करते हैं. अभी तक आहार केंद्र द्वारा 25000 से ज्यादा लोगों को भोजन वितरण किया जा चुका हैं. इस कार्य में उमेश राय, कुमुद झा, आलोक गुप्ता, पवन सिंह, संतोष अग्रवाल के अलावा श्री राज प्रतिष्ठान एवं कुशवाहा विकास समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है.

इस सेवा कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने में कोकर निवासी सुशील, मंटू, नवल, प्रकाश, सत्येंद्र, अशोक बरनवाल, कन्हैया गुप्ता एवं अन्य कोकर निवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग मिला.

**भोपाल के 32 लोगों को बस द्वारा भेजा गया**



गत 22 मार्च से रांची में भोपाल के 32 लोगों को मारवाड़ी युवा मंच, दक्षिण शाखा द्वारा स्टेशन रोड के राज पैलेस होटल में ठहरने की व्यवस्था कर राखी थी. इस कार्य में संस्था के उपाध्यक्ष रोहित शारदा प्रतिदिन उनके लिए राशन की व्यवस्था कई संस्थाओं के सहयोग से कर रहे थे. 32 लोगों में 10 से अधिक बच्चे भी थे. 50 दिन से अधिक हो जाने के कारण बच्चे रो-रो कर घर जाने की जिद कर रहे थे. रोहित शारदा के अनुरोध पर रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने अपने प्रयासों से २ दिनों के अंदर मंत्री रोडवेज की बस को आरक्षित कर उपायुक्त के सहयोग से वाहन पास बनवा कर उन्हें कल भोपाल भेजा.

**आप सबों को हमारा नमन**🙏

**माहेश्वरी सभा** के द्वारा कल प्रवासी मजदूरों को लेकर आने वाली दो ट्रेनों के मजदूरों और उनके परिवारों के लिए 850 पैकेट भुजिया, 600 पैकेट बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक भेजा गया. आज 1130 लोगों को भोजन, 850 कप चाय और 254 लोगों को दूध वितरित किया गया. साथ ही दो स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी और 277 राशन के पैकेट्स भेजे गए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 14 May 2020



आज रांची के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक **श्री दिगंबर जैन मंदिर** ने अपने **100 वर्ष** पूर किए. इस मंदिर का निर्माण 1920 में स्वर्गीय जोखिराम सरावगी परिवार द्वारा किया गया, तथा 1927 मैं श्री दिगंबर जैन पंचायत को सुपुर्द कर दिया गया. आज सरावगी परिवार के सौजन्य से हरमू रोड स्थित धर्मशाला से 2000 जरूरतमंदों और गरीबों के बीच भोजन और मिठाई का वितरण किया गया.

**श्री दिगंबर जैन पंचायत** और **सरावगी परिवार** का आभार.

**मित्रों**

आज हमें आपदा की इस घड़ी में सेवा कार्य करते हुए 51 दिन पूरे हो चुके हैं। हमारे द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य का विवरण आपके समक्ष रख रहा हूं.

1. **रांची क्लब हेल्पिंग हैंड** और **रांची न्यूरोलॉजिकल ट्रस्ट** ने साथ मिलकर 27 मार्च से 3 मई तक जिला प्रशासन की Helpline की मदद से 15000 के करीब सूखा राशन वितरित किया.

2. **रांची क्लब** से 26 मार्च से 1 अप्रैल एवं 8 अप्रैल से 28 अप्रैल तक Helpline के साथ मिलकर 20000 लोगों को भोजन बनाकर भेजा एवं 6000 जूस की बोतल, 3000 ब्रेड एवं दूध का भी वितरण किया.

**रांची क्लब के 349 सदस्यों का और ट्रस्ट के ट्रस्टियों का आभार**🙏.

3. **श्री महेशवरी सभा**, रांची द्वारा 24 मार्च से गरीब और जरूरतमंदों के बीच निशुल्क भोजन देने का कार्य आरंभ किया जो अभी भी जारी है. 29 अप्रैल से जिला प्रशासन की Helpline के साथ मिलकर 500 लोगों को खिचड़ी और 4 मई से प्रतिदिन 300 राशन के पैकेट्स वितरित करने का कार्य आरंभ किया गया. साथ साथ प्रशासन के अनुरोध पर प्रवासी मजदूरों को लेकर आने वाली ट्रेनों एवम् बसों में ब्रेड, बिस्किट, भुजिया, शीतल पेय भी भेजा गया.

**श्री माहेश्वरी सभा**
द्वारा अभी तक के किए गए कार्यों का
**विवरण इस प्रकार है :**

* 50000 लोगों को गर्म भोजन
* 46000 लोगों को चाय
* 3000 लीटर दूध का वितरण
* 9000 लोगों को खिचड़ी का वितरण
* 3000 पैकेट सूखे राशन का वितरण
* 2000 ब्रेड का वितरण
* 3000 पैकेट बिस्किट का वितरण
* शीतल पेय और जूस का वितरण

उपरोक्त सभी कार्य अभी भी जारी है. इस कार्य में सहयोग देने वाले **सभी दानदाताओं का और कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं का आभार**🙏.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 15 May 2020

आज '**International Family Day**' है. आप सबों को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की बधाई. भारतीय संस्कृति मैं संयुक्त परिवार का बहुत महत्व रहा है और हमारे जीवन मैं, इसकी अहमियत के प्रति जागरूक करने के उद्देस्य से हर वर्ष आज के दिन इसे मनाया जाता है. आज एकल परिवार का प्रचलन है, पर परिवार मैं आपस मैं प्रेमभाव बना रहे, हम हमारी संस्कृति और संस्कार के अनुरूप कार्य करें, ऐसा विश्वास हम अपने आने वाले पीढ़ी को दिलाएं और परिवार के प्रति जागरूक रहें यही मंगल कामना है. गत 9 मार्च को मेरे बड़े भाई साहब **विजय मारू** जी की शादी की 50वीं सालगिरह थी और उस उपलक्ष्य पर लिया गया मेरे बृहत परिवार की एक फोटो.



**मित्रों**

आज लॉकडाउन के समय, हम अधिकांश लोग घरों में अपने परिवार के साथ हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी परिवार हैं जिनका कोई सदस्य विदेश में है या हमारे देश के अन्य शहरों में रह रहा है. हम उनसे बात करके, Video call करके हमेशा अपने आप को तस्साली देते हैं और उन्हें यह एहसास दिलाते रहते हैं कि हम उनके साथ और पास हैं.

पर आज जरा हम उनके बारे में सोचें जो रोज़ मर्रा की जरूरतों के पूरा करने के लिए हजारों किलोमीटर अपने परिवार से दूर हैं. और अभी के समय तो वह पैसे भी नहीं कमा पा रहे हैं तथा आज जो भी न्यूज़ चैनल या स्थानीय समाचार पत्र पढ़िए, इन जैसे लोगों की ही चर्चा है, हाईवे पर जब उन्हें पैदल चलते देखता हूं तो मन में इतनी पीड़ा होती है कि आंखों में आंसू आ जाते हैं. हम तो शहरों में रहते हैं, पर हमारे शहर के बाहर जितने भी रास्ते शहरों की तरफ जाते हैं, उन रास्तों में यह पैदल चलते हुए नजर आते हैं. कोई 1000 किलोमीटर चलकर यहां तक पहुंचा है, तो कोई 1500 किलोमीटर चलकर. और वे और कोई नहीं, यह है हमारे 39वें किरदार जिनके प्रति हम जितनी भी कृतज्ञता अर्पित करेंगे वह कम होगी

**प्रवासी मजदूर**

आइए आज अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर हम सब मिलकर ईश्वर से यह प्रार्थना करें कि हमारे प्रवासी भाई-बकहन कम से कम तकलीफ में अपने-अपने घरों में पहुंचे.

**प्रवासी भाइयों को हमारा नमन** 🙏

इसकी विस्तृत चर्चा हम कल करेंगे

आज **श्री माहेश्वरी सभा** से 1075 लोगों को गरम भोजन, 254 लोगों को दूध एवं ब्रेड, 850 लोगों को चाय के साथ साथ 500 लोगों के लिए खिचड़ी, 220 राशन के पैकेट्स और शीतल पेय शहर के विभिन्न इलाकों में वितरित किए गए।

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 16 May 2020

***जिस 'घर' में बैठे बैठे हम और आप बोर हो रहे है...
दूसरी तरफ हमारे कई प्रवासी भाई अपने अपने
घरों तक पहुंचने के लिए हजारों किलोमीटर
पैदल चल रहे है ...***

और सबसे दुखद बात तो यह है कि इनमें से कई प्रवासी भाई अपने घरों तक पहुंचने के पहले रेल, सड़क या अन्य दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं.

**उन्हें हमारी श्रद्धांजलि🙏**



**मित्रों**

आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश की जनसंख्या का करीब 9% यानी 12 करोड़ के आसपास, हमारे गांव की ऐसी जनता है जो रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर गए हैं. शहरों में जाकर यही वह ताकत है जो हमारे कारखाने, कंस्ट्रक्शन, परिवहन, टेक्सटाइल ,घरेलू कार्य, कृषि या खनन आदि कई कार्यों में अपनी मेहनत से देश की **GDP** को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं. इनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के हैं. इनमें तो कई असंगठित मजदूर की श्रेणी में भी आते हैं. प्रवासी होने के कारण कई लोगों का ना तो **BPL कार्ड** है, **ना मतदाता कार्ड**. जिस राज्य के वह निवासी हैं या जिस राज्य में वह कार्य कर रहे हैं, वहां की राज्य सरकारों के पास इनका कोई भी Data नहीं है. आज के हालात में हमारे यह प्रवासी मजदूर कितनी मुश्किलों में है, यह हम सब रोज देख रहे हैं, लेकिन कुछ करने की इच्छा होते हुए भी हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं. एक अनुमान के अनुसार सिर्फ बिहार के 40 लाख और झारखण्ड के 10 लाख प्रवासी बाहर के राज्यों में है. यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है. जब ये बाहर काम के लिए जाते हैं तो भले अकेले जाते हैं, पर बाद में वह अपने परिवार को भी वहां बुला लेते हैं. कुछ तो वहीं बस जाते हैं और कुछ रैन बसेरों में रहकर प्रवासी की तरह जिंदगी बिताते हैं. कई बार तो इन्हें वहां के मूलवासियों की प्रताड़ना का भी शिकार होना पड़ता है.

आज इनके पास ना काम काज है, ना खाने के लिए पैसे. केंद्र से लेकर राज्य सरकारों इनकी तकलीफों को देखकर हिल गई है. गलतियां कई स्थानों पर हुई है, पर अब उन पर राजनीति न करके, उन्हें तत्काल मदद के साथ उनके दुखों पर, उनकी तकलीफों पर मरहम लगाना है. साथ ही केंद्र और राज्य सरकारें मिलजुल कर भविष्य के लिए इन प्रवासी भाइयों के लिए एक अच्छी योजना बनाएं ऐसा प्रयास करना है.

**प्रवासी भाइयों को पुनः हमारा नमन 🙏**

आज **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा 1205 लोगों को गरम भोजन, 254 लोगों को दूध एवं ब्रेड, 865 लोगों को चाय के साथ साथ 500 लोगों के लिए खिचड़ी एवम् 220 राशन के पैकेट्स और शीतल पेय शहर के विभिन्न स्थानों पर वितरित किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 17 May 2020

**कुछ लोग सेवा के कार्य में आगे रहते हैं**
**वह इसलिए नहीं, कि वह मूर्ख होते हैं**
**बल्कि इसलिए, कि उन्हें अपनी जिम्मेदारी का एहसास है.**

**मित्रों**

लॉक डाउन-4, कल से आरंभ हो रहा है जो 31 मई तक रहेगा. वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए आज श्री माहेश्वरी सभा की एक आपात बैठक हुई जिसमें संस्था के अध्यक्ष **शिव शंकर साबू**, सचिव **नरेंद्र लाखोटिया**, पूर्व अध्यक्ष **राजकुमार मारू** के अलावा सुशील सोढाणी, कैलाश सोमानी, अनिल साबू, मनोज काबरा 'दामा' के साथ बासुदेव भाला भी उपस्थित थे. इस बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गरीबों और जरूरतमंदों के बीच सभा द्वारा जो सेवाएं दी जा रही थी, वह **31 मई 2020 तक जारी रहेगी.**
आज भी श्री माहेश्वरी सभा द्वारा 940 लोगों को गर्म भोजन, 855 लोगों को चाय एवं 258 लोगों के बीच दूध का वितरण किया गया. साथ साथ दो स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी एवं 225 राशन के पैकेट्स प्रशासन के साथ मिलकर वितरित किए गए.

आज जब झारखंड के रहने वाले यहां के प्रवासी मजदूर रांची आने वाले सभी मार्गों पर, पैदल या गाड़ियों से से वापस आ रहे हैं तो वहां पर भी श्री माहेश्वरी सभा अपनी सेवाएं दे रहा है.

आज हम अपने 40वें किरदार के रूप में कृतज्ञता अर्पित करेंगे, एक और सामाजिक संगठन और का जो है
**संस्कृति विहार ( सूर्य मंदिर )**



बुंडू के पास सूर्य मंदिर के कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से आस-पास के गांव में सूची बनाकर गरीबों और जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण कर रहे है. संस्था के अध्यक्ष **अजय मारू** एवं कार्यक्रम प्रभारी **प्रमोद जी** के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है. इसके अलावा बुंडू में प्रतिदिन गर्म काढ़ा का भी वितरण किया जा रहा है. आज से सूर्य मंदिर के पास हाईवे पर कैंप लगाकर प्रवासी मजदूरों और उनके परिवार के लिए मिनरल वाटर, बिस्किट के पैकेट और जूस का वितरण आरंभ किया गया जो आगे भी जारी रहेगा. संस्कृति विहार के सभी कार्यकर्ताओं को हमारा नमन.

आज श्री माहेश्वरी सभा के द्वारा **पद्मश्री मुकुंद नायक** जी की संस्था Jharkhand Cultural Artist Association के अनुरोध पर जरूरतमंद गरीब कलाकारों के बीच 50 पैकेट सूखा राशन एवं जूस का वितरण किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 18 May 2020

***गर लौट सका तो जरूर लौटूंगा, तेरा शहर बसाने को***
***पर आज मत रोको मुझको,बस मुझे अब जाने दो***

**मित्रों**

2 दिन पहले ही, हमारे प्रवासी भाइयों को हो रही परेशानियों का ज़िक्र मैंने अपने लेख में किया था, जिसे आप सबों ने पढ़ा और महसूस किया होगा. हम सबों ने देखा कि काफी संख्या में यह प्रवासी भाई पैदल, बस, ट्रक, साइकिल और कुछ ट्रेनों से सफर कर अपनी मंजिल तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं.
आज यह मंजर मैंने अपनी आंखों से देखा है और यकीन मनिए यह बहुत ही पीड़ादायक स्तिथि है. और यह देख कर मैं अपने आंसुओं को रोक नहीं पाया.
***बुंडू से लौटते वक्त, रांची से 15 किलोमीटर पहले पलांडू में 2 प्रवासी पैदल रांची की ओर जाते हुए मिले. मैं बीच में रुक कर उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाया और पूछा कि वह कहां से आ रहे हैं और कहां जा रहे हैं. उनमें से एक ने कहा कि वे चेन्नई से आ रहें हैं और उन्हें पटना जाना है. मन भर आया, पूरे रास्ते में उनसे बात नहीं कर पाया. उन्हें में कांटाटोली बस स्टैंड के पास छोड़ा.***
आज बुंडू मैं अपने मामा **बासुदेव भाला** और **कालू कपूर** जी के साथ दो वाहनों में **संस्कृति विहार,** बुंडू द्वारा टोल प्लाजा-बुंडू में चल रहे कैंप के लिए मिनरल वाटर, बिस्किट, जूस, शीतल पेय, और सत्तू लेकर जब पहुंचा तो वहां चल रहे कैंप में एक शिविर लगा हुआ था जहां प्रवासी भाइयों एवं उनके परिवार को भोजन करवाया जा रहा था.
आज आपदा की इस घड़ी में मैं 41वें किरदार के रूप में कृतज्ञता अर्पित करना चाहूंगा,

**बुंडू जनसेवक संघ, बुंडू**

यूं तो इस संघ ने प्रथम लॉक डाउन आरंभ होते ही गरीबों और जरूरतमंदों के बीच अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी थी तथा बुंडू और उसके आसपास के इलाकों में कार्य को अभी तक जारी रखा है। कल से संस्कृति विहार द्वारा जो कैंप प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक लगाया जाता था वे 11.30 बजे से अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बसों, ट्रकों और अन्य साधनों से आने वाले प्रवासी भाइयों एवं उनके परिवार के सदस्यों को गरम भोजन देने का भी कार्य कर रहे हैं. आज जब मैं वहां संध्या 5 बजे पहुंचा तो देखा की एक-एक बस को रुकवा कर उन्हें गर्म भोजन करवाया जा रहा है. संध्या 7 बजे तक उन लोगों ने करीब 2500 लोगों को भोजन करवाया और यह कार्य रात तक जारी रहेगा. कार्य में बुंडू के **अरुण जैन** के साथ दीपक, राजेश, अमित, मानिक, शिवराज, सौरभ, मनोज, नरेंद्र और अन्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं.

**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज श्री **माहेश्वरी सभा** द्वारा 640 लोगों को गर्म भोजन, 840 लोगों को चाय एवं 252 लोगों के बीच दूध का वितरण किया गया. साथ साथ प्रशासन के सहयोग से दो स्थानों पर 500 लोगों के लिए खिचड़ी भेजी गई. **आज उपायुक्त महोदय के साथ हुई बैठक के बाद संस्था ने यह निर्णय लिया है कि कल से 1000 लोगों के लिए खिचड़ी भेजी जाएगी.**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 19 May 2020

**मित्रों**

***ध्यान रहे***

***लॉकडाउन-4 में कल राज्य सरकार ने हमारी सुविधा के लिए हमें कुछ रियायतें दी है, इसका हमें अनुशासन के साथ पालन करना है, क्योंकि कोरोना बीमारी ने हमें कोई रियायत नहीं दी है.***

आज हम 42वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे

**नागरमल मोदी सेवा सदन**



1958 में स्थापित यह अस्पताल झारखंड का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा चैरिटेबल अस्पताल है .
अभी के हालात में जब रिम्स और सदर अस्पताल के अलावा अन्य अस्पतालों में OPD की सुविधा न होने के कारण गरीब मरीजों एवम् गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकीय सुविधा का जहां अभाव हो रहा है वहीं दूसरी और नागरमल मोदी सेवा सदन के अध्यक्ष **राजेंद्र सरावगी**, सचिव **अरुण छावछरिआ**, मेडिकल बोर्ड के चेयरमैन **अजय मारू, डॉ सुनील रूंगटा, डॉ रमन, डॉ शीलमणि, डॉ राजेश मारू, डॉ विनय, डॉ अग्रवाल** और अन्य डॉक्टरों के अलावा समिति के सदस्यों ने निर्णय लेकर पिछले सप्ताह से अपनी OPD की सुविधा को आरंभ भी कर दिया है. साथ साथ मरीजों कि Surgery भी होने लगी है आज OPD में करीब 100 मरीजों ने डॉक्टर से अपनी बीमारी का इलाज करवाया.

सेवा सदन प्रबंधन ने अपने डॉक्टर और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए PPE kits, मास्क , सैनिटाइजर, थर्मल गन के साथ-साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मरीजों को यह सुविधा दी. राज्य के मुख्यमंत्री ने लॉकडाउन-4 में राज्य की जनता को कई रियायतें दी है, तो झारखंड की गरीब जनता के लिए सावधानी बरतते हुए रिम्स एवं सदर अस्पताल में भी OPD आरंभ की जानी चाहिए.नागरमल मोदी सेवा सदन के **सभी डॉक्टर, नर्सेज एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ-साथ प्रबंधन को भी हमारा आभार.**

आज **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा 740 लोगों को गर्म भोजन, 261 लोगों को दूध, 870 लोगों के बीच चाय का वितरण किया गया, साथ साथ 800 लोगों के लिए तीन स्थानों पर खिचड़ी बनाकर प्रशासन के सहयोग से वितरित की गई.
आज प्रातः बुंडू टोल प्लाजा के निकट प्रवासी भाइयों को मिनरल वाटर, जूस, बिस्किट एवं सत्तू का वितरण हुआ. 11 बजे से बुंडू जनसेवक संघ ने पिछले 2 दिनों की तरह आज भी 2600 से अधिक प्रवासी भाइयों एवं उनके परिवार के सदस्यों को गर्म भोजन करवाया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**20 May 2020**

***अब नहीं रहेगा कोई लाचार,***
***बीमारों का हो रहा मुफ्त उपचार***

**मित्रों**

आज माननीय प्रधानमंत्री जी की सितंबर 2018 मैं आरंभ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना **आयुष्मान भारत** के तहत 1 करोड़ भारतीय अभी तक इससे लाभान्वित हो चुके हैं। हमारे देश के स्वास्थ्य मंत्री **डॉ हर्षवर्धन** को **WHO** का कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसके लिए उनको बधाई. आज हम 43वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे शहर की एक और पुरानी सामाजिक संस्था

**पंजाबी हिंदू बिरादरी**



आजादी के पूर्व और बाद में हमारे इस क्षेत्र में **पंजाबी समुदाय** के कई परिवार आकर यहां बसे. अपनी संस्कृति और संस्कारों के बल पर उन्होंने पंजाबी हिंदू बिरादरी की स्थापना की और पहली बार 1946 मैं **दशहरा में रावण दहन** की परंपरा को आरंभ किया, जो आज तक जारी है. बिरादरी ने **महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय** के नाम से स्कूल की भी स्थापना की जो आज पुनदाग में लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल और कडरू में मिडिल स्कूल का संचालन कर रहे हैं और प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में गरीब छात्रों को मुफ्त शिक्षा भी देते हैं. साथ साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों के सामाजिक कार्यों के लिए 3 मंजिला वातानुकूलित लाला लाजपत राय भवन, जो ओवर ब्रिज के निकट है, कम से कम शुल्क में उपलब्ध कराती है.

आज आपदा की इस घड़ी में बिरादरी ने अपने स्तर पर टैक्सी, बस, ऑटो चालकों के बीच भोजन के पैकेट्स के साथ-साथ तेल और साबुन का वितरण कर रही है. साथ ही प्रवासी भाइयों के ठहरने के लिए और उन्हें भोजन उपलब्ध कराने के लिए अपने भवन को प्रशासन को उपलब्ध कराया है.
2 दिन पूर्व **मेरे और बासुदेव भाला** के अनुरोध पर बिरादरी के लोगों ने बुंडू के निकट टोल प्लाजा में **संस्कृति विहार** के प्रातः चलने वाले कैंप में प्रवासी भाइयों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए 1 लीटर की 6000 मिनरल वाटर की बोतल एवं 250 ग्राम के 1000 सत्तू के पैकेट्स वितरण के लिए दिए और आज खुद वितरित भी किए.
इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष **राजेश खन्ना,** महासचिव **सुधीर उगल**, उपाध्यक्ष **हरगोविंद गिरधर**, **रणदीप आनंद,** कोषाध्यक्ष **विनोद माकन**, प्रवक्ता **अरुण चावला** और स्कूल के मानद सचिव **अशोक माकन** के साथ कई कार्यकर्ता लगे हुए हैं.
**आप सबों का आभार**🙏

आज श्री माहेश्वरी सभा के द्वारा 820 लोगों को गर्म भोजन, 264 लोगों को दूध एवं 870 लोगों के बीच चाय का वितरण किया गया. ***प्रशासन के अनुरोध पर आज पहली बार सर्वाधिक 4 स्थानों पर 1000 लोगों के लिए खिचड़ी बनाकर भेजी गई.***

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 21 May 2020

***जरूरी नहीं कि हर समय जुबां पर***
***भगवान का नाम आए***
***वह लम्हा भी भक्ति का ही होता है***
***जब इंसान, इंसान के काम आए***

**मित्रों**

आज पूरे 2 महीने बाद अपने कार्यालय गया. विश्व में आई इस आपदा से अभी हमें छुटकारा नहीं मिला है, पर सरकार द्वारा कुछ छूट जरूर मिली है. आज शहर की गलियों में फिर जाम लगना शुरू हो गया, जिससे लगा कि जीवन धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है. आज श्री माहेश्वरी सभा द्वारा प्रवासी भाइयों के लिए टोल प्लाजा, बुंडू में चल रहे प्रातः कालीन शिविर मे 50 बक्से मिनरल वाटर एवम् 50 बक्से जूस के वितरित किए गए. साथ ही हटिया रेलवे स्टेशन पर आने वाली 2 ट्रेनों के लिए कोका कोला कंपनी द्वारा दी गई Apple Juice की 2000 बोतलें और भुजिया के 864 पैकेट्स भी वितरित किए गए.
साथ ही आज सभा द्वारा 870 लोगों को गर्म भोजन, 258 लोगों के बीच दूध एवं 834 लोगों के बीच चाय का वितरण हुआ. साथी ही साथ आज पहली बार प्रशासन के अनुरोध पर पांच स्थानों पर 1050 लोगों के लिए भोजन भेजा गया.
**आज श्री माहेश्वरी सभा ने यह भी निर्णय लिया है कि सभा से निशुल्क भोजन एवं प्रशासन के सहयोग से भेजे जाने वाला भोजन को 31 मई तक ही चालू रखा जाएगा।**
आज हम 44वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे शहर की एक और सामाजिक संस्था और वह है
**मारवाड़ी सहायक समिति**



रांची के हरमू रोड पर समिति का एक अपना बड़ा भवन है. आज **हरमू स्थित मुक्तिधाम** की पूरी व्यवस्था यह संस्था द्वारा कि जाती है. हाल ही में इस संस्था के द्वारा वर्षों से किया जा रहा मुक्तिधाम के कार्य को देखते हुए रांची नगर निगम ने विद्युत शवदाह गृह का संचालन का कार्य भी इस संस्था को दे दिया है.लॉक डाउन आरंभ होने के साथ ही इस संस्था से कई संस्थाएं जुड़ी और भवन के बाहर जरूरतमंदों के बीच दोपहर का भोजन वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जिसमें से एक **Morning Walkers Association** भी है.
अभी भी मारवाड़ी सहायक समिति प्रतिदिन दोपहर में 300 जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण कर रही है.
इन सभी कार्यों में संस्था के अध्यक्ष **प्रदीप राजगढ़िया**, सचिव **मनोज चौधरी**, कोषाध्यक्ष **अरुण केजरीवाल** के अलावा संस्था के अन्य सदस्यों का योगदान काफी सराहनीय है.
**आप सबों को हमारा नमन🙏**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**22 May 2020**

**जो लोग आपको रोज सुप्रभात या शुभरात्रि
का संदेश भेजते हैं, वह इसलिए नहीं
कि वे फुर्सत में होते हैं बल्कि इसलिए, कि उनमें हमेशा
आपसे संपर्क में रहने की भावना होती है.**

**मित्रों**

विगत 2 महीने से में आप लोगों को शहर की विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देता आ रहा हूं। मेरा यह ब्रॉडकास्ट संदेश मेरे संपर्क के करीब 3500 से 3600 व्यक्तियों को प्रतिदिन जाता है. कुछ पढ़ते हैं, कुछ पढ़कर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, और कुछ तो देखते तक नहीं है. और कुछ व्यक्ति जिन्होंने मेरा नंबर अपने कांटेक्ट लिस्ट में सेव नहीं किया हो, तो उन्हें मेरा ब्रॉडकास्ट संदेश प्राप्त भी नही होता है.

आज हजारों लोग अपने अपने स्तर से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं, पर मेरा अपना मानना है कि मेरे इन संदेशों से अगर 10 प्रतिशत अतिरिक्त लोगों में सेवा भाव जागृत हो जाए तो मैं समझूंगा कि मेरा यह प्रयास सफल हुआ. मित्रों, हालांकि जब मैंने लिखना आरंभ किया था, तब मैंने सोचा था कि मैं 14 अप्रैल तक ही लिखूंगा पर जैसे जैसे लॉक डाउन  बढ़ता गया उसके साथ ही साथ मेरा पास विषय आते गए और में उनपर  लिखता गया एवम् विपदा के इस समय विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर रहे किरदारों के प्रति आपके और अपनी तरफ से कृतज्ञता अर्पित करने में लग गया. पर अब इसे 31 मई को हमारी सेवा के कार्य के साथ विराम दे दूंगा.



**विनम्र अनुरोध**

उत्तराखंड हमारे लिए सिर्फ एक तीर्थस्थान ही नहीं है बल्कि हमारी आस्थाओं का भी केंद्र  है, जहां संपूर्ण देश से लाखों पर्यटक पहुंचते हैं.
पर्यटको के कारण वहां के लोगों की जीविका चलती है और साथ ही साथ तीर्थ यात्रा में उपयोग में आने वाले घोड़े, खच्चर, गधों की भी वे देखभाल करते हैं. अभी COVID-19 की कारण जब पूरे विश्व में पर्यटन पूरी तरह से रुका हुआ है तो यही हल उत्तराखंड का भी है. वहां जानवरों के मालिकों ने इन्हें खुला छोड़ दिया है और इन जानवरों का ख्याल न तो सरकार रख रही है नाही इनके मालिक. ऐसे में, मेरे एक परिचित ने **People For Animal Uttarakhand** संस्था के साथ एक अभियान चलाकर इन जानवरों को बचाने के साथ साथ उनके भोजन और दवाइयों की व्यवस्था कर रही है.आप में से कुछ लोग रांची की एक संस्था Animal Welfare Trust की मदद की जो रांची में  जानवरों को बचाया, उसी तरह अगर आप उत्तराखंड की इस संस्था को कुछ भी मदद करना चाहते हैं तो इनकी वेबसाइट मैं जाकर मदद कर सकते हैं, जो है -
**https://www.ketto.org/pfauttrakhand**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 23 May 2020

**विचारों को पढ़कर बदलाव नहीं आता**

**उनपर अमल कर के ही बदलाव आता है**

**मित्रों**

**श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा प्रतिदिन भोजन, दूध और चाय का वितरण तो हो ही रहा है साथ साथ जिला प्रशासन की Helpline के अनुरोध पर कल से प्रतिदिन 5 स्थानों पर 1100 लोगों के लिए खिचड़ी बनाकर भेजी जा रही है. इसके अलावा बुंडू टोल प्लाजा के पास लगे संस्कृति बिहार के शिविर में प्रतिदिन बासुदेव भाला और मैं प्रातः7 बजे से 10 बजे तक प्रवासी भाइयों के बीच सत्तू, बिस्किट, जूस और मिनरल वाटर का वितरण कर रहें है, वहां बहुत बड़ी संख्या में अभी भी मजदूर भाई आ रहे हैं. पिछले 3 दिनों से प्रवासी भाइयों को लेकर आने वाली ट्रेनों में भी प्रतिदिन Apple Juice और भुजिया के पैकेट्स हटिया स्टेशन पर भेजे जा रहा हैं.

**मित्रों, मेरा अपना मानना है कि भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है, जहां के लोगों को देश पर कभी भी आई विपदा के समय जरूरतमंदों को मदद पहुंचाना, विरासत में मिली है और यह भाव हमारी संस्कृति और संस्कार में भी झलकता है,**
**मुझे अपने देश और हमारी संस्कृति पर गर्व है.**

आज पूरे देश में हजारों ऐसे लोग हैं जो संकट की इस घड़ी में अपनों की सेवा करने में जुटे है.
इन्ही में से एक नाम है कर्नाटका कैडर के 1996 batch के **IPS अधिकारी सीमांत कुमार** का जो अभी बेंगलुरु में IG, Administration के पद पर हैं. मूलतः बिहार के हैं, और अभी झारखंड के निवासी है. वहां की सरकार ने इन्हें झारखंड और बिहार के प्रवासी मजदूरों का नोडल अफसर का प्रभार दिया है. मार्च के अंतिम सप्ताह मैं बेंगलुरु में बिहार झारखंड के 450 प्रवासी मजदूर भूख से दर-दर भटक रहे थे तभी उनमें से एक ने इन्हें फोन किया और उन्होंने तुरंत उन्हें भोजन ही नहीं बल्कि बसेरा भी उपलब्ध कराया. उसके बाद 31 मार्च से मल्टीनैशनल कंपनी के सहयोग से प्रवासियों के बीच 60000 से ज्यादा राशन के पैकेट्स का भी वितरण कर चुके हैं.
पिछले 60 दिनों से अपनी टीम के साथ वे इन प्रवासी मजदूरों को भोजन, राशन, रहने के लिए बसेरा, मेडिकल की सुविधा के साथ-साथ हाल के दिनों में उन्हें आपने राज्य में भेजने का कार्य भी कर रहे हैं. कई बार तो व्यक्तिगत रूप से वे अभिभावक के रूप में इनके बीच जाकर इन्हें समझते भी है. इन्हें प्रतिदिन मजदूरों का या उनके परिवार वालों का 300-400 के करीब फोन आते हैं. इनके मधुर  व्यवहार के चलते इनका फोन नंबर इतना वायरल हो गया है कि इनके पास दूसरे राज्यों के भी प्रवासी मजदूर के परिवार वाले फोन करके मदद मांगते हैं.

रेलवे मंत्रालय और कर्नाटका सरकार की मदद से कल 100वीं ट्रेन झारखंड और बिहार के लिए चली, जिसमें करीब 1.5 लाख प्रवासी अपने अपने राज्यों तक पहुंचने लगे हैं. इनके अनुसार  अभी इतने ही और प्रवासी बचे हैं जो अगले कुछ दिनों में अपने-अपने राज्यों मैं भेज दिए जाएंगे. इनके कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हमारे **मुख्यमंत्री ने भी इनको बधाई दी.**
**आप को हमारा नमन**🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**
🇮🇳

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 24 May 2020

**हर दिल अजीज बेरमो के विधायक एवं**
**पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ राजेंद्र बाबू का**
**आज लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में निधन हो गया है.**
**उन्हें हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि.**

**मित्रों**
लॉकडाउन-4 के 7 दिन बचे हैं और कल से कुछ स्थानों के लिए हवाई सेवा भी आरंभ हो रही है, जिंदगी धीरे धीरे पटरी पर लौट रही है.
आज प्रातः **पंजाबी हिंदू बिरादरी** के सदस्यों के साथ बुंडू टोल प्लाजा पर **संस्कृति विहार** द्वारा प्रवासी भाइयों के लिए बनाए गए शिविर से मिनरल वाटर, जूस और सत्तू का वितरण किया गया.
आज प्रवासी भाई बसों और कुछ ट्रकों से आते हुए नजर आए. अधिकांश बसें तमिलनाडु और आंध्रा की थी. अब इनकी संख्या में भी कमी आई है पर हमारा सेवा कार्य सुबह और शाम जारी है.
आज भी श्री माहेश्वरी सभा द्वारा 750 लोगों को भोजन एवं जिला प्रशासन की Helpline के अनुरोध पर 1100 लोगों को पांच स्थानों पर गरम भोजन भेजा गया.
हमारा यह सेवा कार्य **31 मई तक चलेगा.**

कृतज्ञता की कड़ी में आज आभार व्यक्त करना चाहूंगा कांके रोड की Residential Colony **बसंत बिहार विकास समिति** का जिन्होंने लॉकडाउन की अवधि में, लगातार 1 महीने तक 25000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच सामाजिक दूरी का पालन करते हुए पंक्तिवध तरीके से उन्हें भोजन करवाया.
संभवत यह पहली रेसिडेंशियल कॉलोनी है, जहां 150 के करीब परिवार रहते हैं, जिन्होंने यह सेवा का कार्य आरंभ किया. इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष **आर के गाड़ोदिया,** सचिव **ओम हेतमसरिया**, कोषाध्यक्ष **अर्जुन जालान** के अलावा **नारायण जालान** एवं अन्य सदस्यों का बड़ा योगदान रहा है.

इसी कड़ी में एक और संस्था के प्रति कृतज्ञता अर्पित करना चाहूंगा जो पिछले **10 वर्षों से पीपी कंपाउंड के मुख्य मार्ग** पर रोजाना 25-30 गरीबों को भोजन करवाती आ रही है, और अभी के समय में सुबह 7.30 बजे से 10.30 बजे तक अपने परिवार के सदस्यों के साथ 200-250 जरूरतमंदों के बीच पिछले 2 महीने से अपने घर के बाहर बैठाकर भोजन करवा रही है. इस संस्था से लगी महिला नहीं चाहती कि इसका जिक्र मीडिया या सोशल मीडिया पर हो.
**आप सबों को हमारा नमन🙏**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है🇮🇳**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 25 May 2020

**आप सबों को ईद मुबारक**

**मित्रों**

आपदा की इस घड़ी में हमारे द्वारा किया जा रहा सेवा कार्य से आप सबों को प्रतिदिन अवगत कर रहां हूँ, जो अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा .

मेरे जीवन काल में विश्व या हमारे देश में कई विपदा आई पर हाल में आई विपदा की कल्पना और आभास किसी को नहीं थी. और इस विपदा और कष्ट में प्रत्येक देशवासी ने हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का भरपूर साथ दिया और हर मोर्चे पर उनके साथ खड़े रहे तथा साथ खड़ी थी अनगिनत सा**माजिक संस्थाएं,** उनके निस्वार्थभाव से लगे **मेहनती कार्यकर्ता**, **राष्ट्रभक्त स्वयं सेवक**, और **असंख्य दानदाता**.

आज मैं कुछ दिनों तक इन्हीं की चर्चा करूंगा, क्योंकि इनके सहयोग के बिना इतना विशाल और लम्बा समय तक सेवा कार्य करना संभव नहीं था.

मित्रों, **रांची क्लब** द्वारा सेवा कार्य के सहयोगियों का मैंने कई बार जिक्र कर उनका आभार व्यक्त किया, उन्हें पुनः धन्यवाद.

रांची क्लब ने जब कार्य बंद करने का निर्णय लिया उसके बाद करीब 1 महीने पहले मैंने **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा सेवा कार्य आरंभ किया, जो अगले 6 दिन तक और जारी रहेगा, इस कार्य में मुझे कई प्रियजनों ने स्वतः सहयोग दिया, जिनके प्रति में आज अपनी कृतज्ञता अर्पित करना चाहता हूं, और वह है :

**आलोक एवं विनीत अग्रवाल,**
**जे पी सिंघानिया, पुनीत एवं पंकज पोद्दार, रामचंद्र एवं आलोक रुंगटा, सुनील कुमार, राजेश कुमार, नवीन गुप्ता, दीनदयाल ड्रोलिआ, संजय कनोडिया (विशाखापत्तनम), ओम छावनीका, डॉ सुभाष जैन, डॉ शीलमणि, टीटू चोपड़ा, सुशील वर्मा** एवं कनाडा में रह रही मेरी बहन **नम्रता सोमानी**.

साथ-साथ **पंजाबी हिंदू बिरादरी** ने हमें बुंडू स्थित टोल प्लाजा पर प्रवासी भाइयों के लिए 6000 बॉटल्स मिनरल वाटर के और 1500 पैकेट्स सत्तू के उपलब्ध कराए.

मेरे मित्र **निर्मल छावनीका** और उसके पुत्र **निलेश** ने 10000 बोतल मैंगो जूस के दिए, जिसे हमने कई स्थानों पर वितरित किया.

इसके अलावा Hindustan Coca-Cola Beverage Pvt Ltd, Patna के **अजय शर्मा** जी एवं **राकेश रोशन** ने अपनी कंपनी के प्रोडक्ट Coca Cola, Sprite, Mazza, Thumsup, Fanta, Apple Juice की 50000 के करीब बोतल दी जिसे हमने जगह-जगह पर वितरित किया.

**आप सबों का हृदय की गहराइयों से नमन करता हू और धन्यवाद् आपका करता हूँ.**

**श्री माहेश्वरी सभा** के अध्यक्ष **शिव शंकर साबू**, सचिव **नरेंद्र लाखोटिया**, पूर्व अध्यक्ष मेरे बड़े भाई **राजकुमार मारू**, राशन पैकेट्स बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले **भगवान जी काबरा** एवं **राजीव मित्तल** और पूरे सेवा कार्य में अग्रणी रहने वाले **वासुदेव जी भाला** और **उनकी कार्यकर्ताओं की टीम को भी मैं नमन करता हूं**🙏. क्योंकि इन सबों के सहयोग के बिना यह कार्य नहीं होता.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

🇮🇳

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 26 May 2020


**मित्रों**

लॉकडाउन-4 आगामी 31 मई को समाप्त हो जाएगा. और उम्मीद है, कुछ और छूट और नियमों के साथ अनुशासन और सतर्कता बरतते हुए हम अपने अपने कार्यों में फिर लग जाएंगे.

लेकिन आने वाला समय कठिन है, लड़ाई लंबी भी है और हम सबके सहयोग से इस लड़ाई को जीतेंगे भी. 1 जून के बाद भी, जब हमारी जैसी कई संस्थाएं सेवा कार्य को विराम देगी, उस वक्त भी कई गरीबों और जरूरतमंदों को मदद की आवश्यकता रहेगी.
इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर **रांची जिला प्रशासन** और **Hunger Helpline**, जिसे हमारी जैसी कई संस्थाएं आरम्भ से मदद कर रही है, ने एक नारा दिया है -
***आप दान करें, हम इकट्ठा करेंगे और हम वितरित करेंगे.***
अर्थात अब आप अपने घरों से निम्नलिखित किसी भी वस्तु, किसी भी मात्रा में देकर सहयोग कर सकते हैं :

**1. चावल 2. दाल 3. सब्जी 4. साबुन 5. खाने का तेल 6. सत्तू 7. आटा 8. चूड़ा एवं गुड और 9. नमक मसाला.**
आप अपने घरों से उपरोक्त राशन की सामग्री नीचे दिए गए व्यक्तियों के नंबर पर फोन करके बता सकते हैं, इसके बाद Helpline के कार्यकर्ता आपसे लेकर **DC Hunger Helpline** में एकत्रित करके जरूरतमंदों के बीच वितरित करेंगे.

**1. अंकित - 7061660944**
**2. सुभम साहू - 7979970799**
**3. श्रेयषी बंका - 9031981147**




इस अभियान को पहले ही आरम्भ करना था पर लॉक डाउन में छूट के साथ ही अब आरंभ किया जा रहा है. रांची के उपायुक्त की देख रेख में यह कार्य किया जायेगा.

आज **श्री माहेश्वरी सभा** से 835 लोगों को भोजन एवं प्रशासन हेल्पलाइन के अनुरोध पर 5 स्थानों पर 1100 लोगों के लिए भोजन भेजा गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**27 May 2020**

**देर लगेगी पर सही होगा**
**देश को जो चाहिए वही होगा**

**मित्रों**

हमें गर्व है कि विश्व की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी **कोल इंडिया लिमिटेड** की सबसे बड़ी सहायक कंपनी **सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड** CCL जिसका **मुख्यालय** हमारे शहर **रांची** में ही है. आज CCL अपनी command area में अपने 45 हजार के करीब कर्मचारियों के साथ अपने 14 प्रमुख खनन क्षेत्रों से कोयला उत्पादन करके पूरे देश के बिजली घरों में इसे रेलवे द्वारा भेज रही है.

लॉकडाउन की अवधि में भी हमारे घरों में बिजली मिलती रहे इसके लिए CCL ने बिजली घरों को पर्याप्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति की, और अभी एक ही दिन में 6 लाख टन कोयले का उत्पादन किया. इसके लिए कंपनी के **CMD गोपाल सिंह** एवं उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई.

कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए CCL ने आगे आकर अपने 4 केंद्रीय अस्पताल जिनकी कुल क्षमता 180 बेड की थी, आइसोलेशन वार्ड के लिए सरकार को दिया, जिनमें प्रमुख कांके रोड का गांधीनगर अस्पताल भी है.




CCL ने अपनी कमांड एरिया में आने वाले खनन क्षेत्रों जिसमें **Argada, B & K, Barkasayal, Barkakana, Dhori, Giridih, Hazaribagh, Kathara, Kuju, Magadh & Amrapali, NK, Piparwar, Rajhara और Rajrappa** में 129 लाख रुपये खर्च करके आपदा की इस घड़ी में निम्नलिखित कार्य किए :

* 20 हजार परिवारों को राशन
* 450 क्विंटल अन्य खाद्य सामग्री का वितरण
* 15 हजार लोगों को भोजन
* 35 हजार मास्क का वितरण
* 5 हजार से ज्यादा सैनिटाइजर का वितरण
* 35 पंचायतों में ट्रैक्टर से गांव को सैनिटाइज करना.

इसके अलावा CCL ने प्रवासी मजदूरों को घरों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन के अनुरोध पर कई क्षेत्रों में अपनी स्कूल बस को भी उपलब्ध कराया.

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

आज भी **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा 750 लोगों को गर्म भोजन दिया गया, साथ ही प्रशासन की हेल्पलाइन के अनुरोध पर पांच स्थानों पर 1100 लोगों के लिए भोजन भेजा गया और डोरंडा में 100 लोगों के लिए भोजन भेजा गया. आज भी बुंडू स्थित टोल प्लाजा में **संस्कृति विहार** के शिविर से प्रवासी भाइयों को लेकर आ रही बसों और ट्रकों में मिनरल वाटर, जूस और सत्तू उपलब्ध कराया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 28 May 2020

**भारत मां के महान सपूत, समाज सुधारक विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती पर उन्हें नमन**

**मित्रों**

आज आप और हम रांची जिला प्रशासन द्वारा गठित **Hunger Helpline** टीम के सदस्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे, जो पिछले 60 दिनों से बिना रुके एवम् बिना थके दिन रात एक कर के गरीबों, जरूरतमंदों के बीच भोजन, राशन, दवाईयां, मरीजों को अस्पताल पहुंचाना जैसे विभिन्न कार्य करते आ रही है.

हां, इस टीम के गठन की सोच रांची के युवा उपायुक्त राय महिमापत रे, निपुण जैन एवम् श्रेयसी बंका के साथ मिलकर **Team HELP Ranchi** के कार्य को आरम्भ किया तथा बाद में उप विकास आयुक्त अनन्य मित्तल उनके कार्यालय की स्मिता मुद्दु एवम् उनकी टीम ने अन्य संगठनों को जोड़ कर **Hunger Helpline** आरम्भ की.

इस टीम में उपायुक्त के प्रयासों से रांची शहर के कई ऐसे युवा छात्र, व्यापारी, डॉक्टर, प्रोफेशनल, स्वयंसेवी संस्थाएं निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य को कर रहे हैं.

Helpline की यह टीम आपस में तालमेल बैठाते हुए अपने अपने कार्यों को बखूबी निभा रहें है. इसमें कुछ **XISS** और **IIM** से शिक्षा प्राप्त किए युवा भी हैं, जो Helpline में आने वाले फोन का Data को Excel Sheet में एकत्रित करते हैं.

Helpline में दो प्रकार के फोन आते हैं. एक तो जिन्हें भोजन, राशन, दवाइयों की आवश्यकता होती है और दूसरा फोन उन संस्थाओं का आता है जो पका हुआ भोजन और राशन बनाकर तैयार रखते हैं और हेल्पलाइन के माध्यम से उन्हें जरूरतमंदों के बीच वितरित करते हैं.

आए हुए फोन को कई बार यह टीम Ground Level में जाकर यह सत्यापित करती है की जिन्हें भोजन या राशन दिया जा रहा है उन्हें वास्तविकता में इनकी आवश्यकता है कि नहीं और कहीं उनको दुबारे तो राशन नहीं दिया गया. साथी पका हुआ भोजन और राशन को रांची शहर के कोने कोने तक पहुंचाने का कार्य ऑटो रिक्शा चालकों की एक बहुत बड़ी टीम कर रही थी जो समय पर इन्हें जरूरतमंदों के बीच पहुंचाती है. यह आज भी प्रतिदिन 12000 से 15000 लोगों तक पका हुआ भोजन और 1500 के करीब राशन के पैकेट्स वितरित कर रही हैं.

***इस कड़ी में जुड़े युवा साथियों के नाम हैं : -***

**निपुण जैन, आदित्य रॉय, श्रेयसी बंका, वर्षा पोद्दार.**

***इनकी Ground Team के सदस्य हैं : -***

**अरिहंत जैन, तपन गिरधर, पंकज मिढ़ा, गगन बगरीआ, शुभम साहू, उमंग परशुरामपुरिआ, पराग श्रीवास्तवा.**

**साथ ही XISS और IIM के हर्ष वर्धन, कुमार अक्षय, अंकित, नेहा, बिपाशा, प्रतिभा** और **गौरव जी** प्रमुख हैं. इसी ग्रुप से जुड़ा एक और व्यक्ति है **अतुल गेरा**. जो आज इस वक्त सिर्फ **Blood Donation Camp** लगवा कर जरूरतमंदों के लिए खून उपलब्ध करवा रहा है.

**आप सबों को हमारा नमन**🙏

आज **श्री माहेश्वरी सभा** द्वारा 785 लोगों को भोजन एवम् 1200 लोगों के लिए 5 स्थानों पर Helpline के द्वारा भोजन भेजा गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

🇮🇳

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 29 May 2020

**अनुमान गलत हो सकता है,**
**पर अनुभव कभी गलत नहीं हो सकता**

**मित्रों**

**अनुमान हमारे मन की कल्पना होती है और अनुभव हमारे जीवन की सीख.** हम भारतवासियों के लिए तो सौभाग्य एवं गौरव की बात है कि **कि हमें एक अनुभवी, कर्तव्यनिष्ठ, देशभक्त, दूरदर्शी और अपने नागरिकों को प्यार और स्नेह देने वाला प्रधानमंत्री मिला** है जो चौबीसों घंटे अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ आपदा की **इस घड़ी में बिना और बिना थके निरंतर कार्य कर रहे हैं.**

**माननीय नरेंद्र मोदी जी, देश की 135 करोड़ जनता को आप पर गर्व है.**



3 दिन पूर्व ही **मोदी सरकार-2** का **1 वर्ष पूरा हुआ** साथ ही देश के करोड़ों नागरिकों की आस्था का केंद्र **राम जन्मभूमि** पर **भगवान श्री राम के मंदिर** का निर्माण कार्य आरंभ हुआ. साथ ही पिछले 1 वर्ष में इस सरकार ने कई ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए जिसे हर भारतीय ने हृदय से स्वीकारा है.

मित्रों, कोरोना की इस लड़ाई मे अनगिनत योद्धा अपने अपने क्षेत्र में बखूबी कार्य कर रहे हैं और कईयों का मैंने अपने लेखन में अपनी ओर से और आप की ओर से कृतज्ञता अर्पित की, आज से अगले 2 दिनों तक इन योद्धाओं का प्रतिदिन मनोबल बढ़ाने वाले हमारे देश के प्रमुख योद्धा माननीय प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हुए, 70 दिनों से चलते आ रहे अपने लेखन को विराम दूंगा.

सहयोगियों की कड़ी में सबसे पहले आभार व्यक्त करना चाहूंगा **हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन** का. केंद्र द्वारा निर्देशित कोरोना से संबंधित सभी निर्देशों का पालन प्रदेशों को कराना पड़ता है. युवा मुख्यमंत्री ने भी निर्देशों का पालन किया और कई बार उन्हें आलोचनाओं का भी शिकार होना पड़ा. **प्रवासी मजदूरों को रेल मंत्रालय के सहयोग से झारखंड लाकर अपने-अपने जिलों में भेजने का भी कार्य किया. आज तो राज्य सरकार ने लेह में फंसे 60 मजदूरों को हवाई मार्ग से वापस बुलाया और हवाई अड्डे में जाकर उनका स्वागत किया.**

प्रवासी मजदूरों और उनके परिवार को आने वाले समय में रोजगार और जीवनयापन देना राज्य सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी. आशा है मुख्यमंत्री जी इस पर विशेष ध्यान देंगे.
**आप को हमारा नमन** 🙏

आज, **श्री महेश्वरी सभा** के द्वारा 775 लोगों को भोजन एवं जिला प्रशासन की हेल्पलाइन के सहयोग से 1050 लोगों के लिए 5 स्थानों पर भोजन भेजा. इसके अतिरिक्त डोरंडा क्षेत्र में 150 लोगों के लिए भोजन भेजा गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**
🇮🇳

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 30 May 2020

**मित्रों**

**लॉकडाउन-4** का कल अंतिम दिन है. देश के कई शहरों में **लॉक डाउन-5** भी कुछ छूटों के साथ 30 जून तक बढ़ा दिया गया है .

हमारे प्रदेश में आगे क्या होगा यह हमें कल ही पता चलेगा.

कल माहेश्वरी समाज का सबसे बड़ा पर्व **महेशनवमी** है.

पिछले 68 दिनों से चलते आ रहे निशुल्क भोजन देने के कार्य को कल हम विराम देंगे. इस कार्य में लगे तमाम कार्यकर्ता एवं दानदाताओं को **हमारा आभार एवं अभिनंदन.**

**मोदी सरकार-2** का प्रथम वर्ष **ऐतिहासिक** और **प्रभावशाली** रहा.



कृतज्ञता की इस कड़ी में, माननीय प्रधानमंत्री के प्रमुख **मंत्रिमंडलीय** सहयोगियों के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जो हैं :-

**श्री राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री
**श्री अमित शाह**, गृहमंत्री
**डॉ हर्षवर्धन**, स्वास्थ्य मंत्री
**श्रीमती निर्मला सीतारमण**, वित्त मंत्री
**श्री पीयूष गोयल**, रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
**श्री नितिन गडकरी**, सड़क परिवहन एवं जहाजरानी मंत्री
**श्री एस जयशंकर**, विदेश मंत्री
**श्री नरेंद्र सिंह तोमर**, कृषि मंत्री
**श्री रविशंकर प्रसाद**, कानून एवं संचार मंत्री
**श्री हरदीप सिंह पुरी**, नागरिक उड्डयन मंत्री
**श्री अर्जुन मुंडा**, आदिवासी कल्याण मंत्री
**श्री अजीत डाभोल**, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

एवं अन्य सहयोगियों ने आपदा की घड़ी में अपने मंत्रालय के कार्य के अतिरिक्त जो कार्य किया है, उसके लिए **आप सबों का आभार**🙏.

*चाहे प्रवासी श्रमिकों के लिए हजारों ट्रेनें चलानी हो, हवाई यातायात को फिर से आरंभ करना हो, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाना हो, आदिवासियों का हौसला बढ़ाना हो, अस्पतालों में कार्य कर रहे डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ का मनोबल बढ़ाना हो, परेशानी झेल रहे नागरिकों को आर्थिक पैकेज देना हो, विदेशों में भारत की साख को बढ़ाना, हमारी सीमा पर तैनात सैनिकों का हौसला बढ़ाना हो या गृह मंत्रालय के द्वारा समय-समय पर प्रदेशों को दिशा निर्देश देना हो,*

**आप सबों के संयुक्त प्रयास से ही कोरोना के खिलाफ इस जंग में विजय प्राप्त करेंगे.**

**आप सबों को हमारा कोटि-कोटि नमन**

कल, मैं और आप, आपदा की इस घड़ी के प्रमुख योद्धा एवं हमारे **माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी** के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे, और मैं अपने लेखन के इस कार्य को विराम दूंगा.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

🇮🇳

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 31 May 2020

**मित्रों**

**माननीय प्रधानमंत्री जी** ने आपदा की इस घड़ी में एक अभिभावक के रूप में पिछले 75 दिनों में कई बार हमारे मनोबल को बढ़ाते हुए, हमें कई दिशा निर्देश दिए जिसका हम सबों ने अक्षर सह पालन किया. उन्होंने लॉकडाउन के लिए देशवासियों से क्षमा भी मांगी और हमारा आभार भी व्यक्त किया कि यह लड़ाई जनता लड़ रही है.
यह **People Driven** लड़ाई है. **देश है तो हम हैं.**
आज तो माननीय प्रधानमंत्री जी ने मन की बात के 65वें भाग में कहा कि **हमारे देश की जनसंख्या कोरोनावायरस की जंग लड़ रहे दूसरे देशों से कई गुना अधिक है, फिर भी हमारे देश में कोरोना का फैलाव उतनी तेजी से नहीं हुआ जितना विश्व के अन्य देशों में फैला.**
उन्होंने यहां तक कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर नजरें लगाए हुए है, और अगर हम इस लड़ाई में सफल हो गए तो हमें विश्व विजेता बनने से कोई नहीं रोक सकता.
हमारा देश और हमारे माननीय प्रधानमंत्री कोरोना की महामारी के साथ-साथ हाल में आई अन्य मुसीबतों और आपदाओं से भी दो-दो हाथ कर रहे है.

* पश्चिम बंगाल में हाल ही में आए तूफान का जाएज़ा लेते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक दिवसीय दौरा कर वहां के लोगों के लिए **1000 करोड़ का पैकेज सरकार को दिया.**

* पाकिस्तान के रास्ते राजस्थान, मध्यप्रदेश और कई राज्यों में टीड्डियों ने भी किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है, उस पर भी कार्य किया जा रहा है.

* लेह लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद हो या जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली कायरता का जवाब हो, इन सभी विष्यों पर ध्यान दे रहें है.

* देश के अन्य विरोधी दल मुसीबत की इस घड़ी में भी कोई भी ऐसा मौका नहीं छोड़ रहे जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी को नीचा दिखाया जा सके, पर इस मोर्चे पर भी उनके सहयोगियों द्वारा डटकर मुकाबला किया जा रहा है.
**देश के प्रधान सेवक माननीय नरेंद्र मोदी जी को हमारा कोटि-कोटि नमन🙏**

आज **महेश नवमी** के दिन **श्री माहेश्वरी सभा** के द्वारा 780 लोगों को गर्म भोजन एवं प्रशासन के अनुरोध पर शहर के 5 स्थानों पर 1100 लोगों के लिए भोजन भेजा गया . हमारा सेवा का यह कार्य जो गत 24 मार्च से लगातार चल रहा था उसे आज विराम दे दिया गया है. साथ ही पिछले 70 दिनों से WhatsApp पर मेरे द्वारा भेजे जाने वाले Post को भी विराम देता हूं. मेरे इन Posts को प्रतिदिन आप तक भेजने में मेरे **बड़े पुत्र राहुल और बहू (बेटी) प्रियंका** का बड़ा सहयोग रहा. **मेरे Post से जाने अनजाने में अगर किसी को दुख पहुंचा हो तो उसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं.**
आज के बाद, आप मुझे Twitter पर Follow कर सकते है.
**आप सबों को भी मेरा नमन🙏**



**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**
🇮🇳
**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और माहेश्वरी सभा का सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 31 May 2020

**जय महेश**


**माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवम की**
**आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना**

**मित्रों**

आज कोरोना काल के अपने लेखन के अंतिम पड़ाव पर हूं,
आपदा की इस घड़ी के प्रमुख योद्धा, देश के प्रधान सेवक,
135 करोड़ देशवासियों के नेतृत्वकरता, **हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी** के प्रति आप सबों की ओर से
कृतज्ञता अर्पित करने का साहस जुटा कर प्रयास कर रहा हूं,
हम जितना भी उनका आभार व्यक्त करें कम होगा,
फिर भी कोशिश करता हूं,
परमपिता परमेश्वर की कृपा से हमारे माननीय प्रधानमंत्री
पिछले 6 वर्षों से लगातार देश की सेवा में जुटे हुए है,
जो प्रधानमंत्री हर दूसरे दिन सरकारी कार्य के सिलसिले
में देश के अलग-अलग भागों का दौरा करते आए हैं,
हाल के दिनों में 75 दिनों से दिल्ली
में रहकर इस महामारी से हम भारतवासियों को छुटकारा
दिलाने के कार्य में लगे हुए हैं, और इस बीच देश की अन्य
समस्याओं पर भी ध्यान दिया जिसका जिक्र मैं बाद में करूंगा,

मुझे माननीय मोदी जी से पिछले तीन दशकों में कई बार मिलने
का अवसर मिला, जब वह संगठन में थे तब भी, जब गुजरात
के मुख्यमंत्री थे तब भी और प्रधानमंत्री रहते हुए भी,
**कई खूबियां हैं, जबरदस्त याददाश्त है और छोटे से छोटे व्यक्ति को भी सम्मान से संबोधित करना उनकी खूबी हैं.**
***दिल को छू लेने वाला अपना एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ आज साझा करूंगा.***

2014 मैं प्रधानमंत्री बनने के बाद दिसंबर में झारखंड के चुनाव
के संबंध में कई बार वे रांची आए, **केंद्रीय भाजपा प्रभारी भूपेंद्र यादव जी** और **प्रदेश संगठन महामंत्री राजेंद्र सिंह जी**
ने एयरपोर्ट पर उनके आगमन और उनकी अन्य व्यवस्था की
जिम्मेदारी मुझे दी थी, **उसी दौरान एक सुबह जब माननीय प्रधानमंत्री जी दिल्ली से रांची के लिए निकले तब मुझे भूपेंद्र यादव जी ने सूचना दी कि आप माननीय प्रधानमंत्री और उनके साथ आ रहे 10 लोगों के लिए घर से सादा भोजन बनवाकर 1 बजे तक एयरपोर्ट लाएं और SPG जांच के बाद विमान पर रखवा दें, भोजन बना और विमान में रखवा भी दिया गया,** इसमें कोई नयापन नहीं था,
क्योंकि
संघ और भाजपा में अक्सर हमारे वरिष्ठ नेतागण कार्यकर्ताओं
के घर में बने सादे भोजन को प्राथमिकता देते हैं, और मैंने यह
अपने बालपन में अपने घर पर भी देखा है जब हमें
**श्रद्धेय अटल जी, राजमाता, ठाकरे जी, आडवाणी जी, डॉ जोशी जैसे महान नेताओं के आतिथ्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ था.**



**माननीय प्रधानमंत्री जी 2 दिन बाद पुनः चुनावी प्रचार के लिए भारतीय वायुसेना के विमान से रांची आए, उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर मैं और गुरविंदर सिंह सेठी थे.**
***माननीय प्रधानमंत्री जब विमान की सीढ़ियों से उतर रहे थे, तो मुझे देखते ही अपने दोनों हाथों को जोड़ते हुए बोल मारू जी, परसों आपका घर का भोजन खाया, बड़ा स्वादिष्ट था, घरवाली को मेरा धन्यवाद बोलना, और नीचे उतरते ही कंधों पर हाथ रखा.***

*मित्रों, मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्ता के लिए यह केवल सम्मान की बात नहीं थी बल्कि मन को छू लेने वाला वाक्य था.*

*जारी . .*